अरबों के निवेश पर रियायतों का तोहफा

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मेगा प्रोजेक्ट लगाने वाले निवेशकों को मिलने वाली रियायतों में आ रही तमाम बाधाओं को दूर करने की तैयारी कर ली है।

हजारों करोड़ रुपये के निवेश से राज्य के विभिन्न हिस्सों में उद्योग लगाने वाले इन उद्यमियों को जल्द रियायतों को तोहफा मिलेगा। इन निवेश कंपनियों के रियायत संबंधी प्रस्तावों को जल्द कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी।

हाल में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में 18 निवेशकों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं और इनमें ज्यादातर को नियमों के तहत एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति, स्टांप शुल्क में छूट, विद्युत कर में छूट जैसी रियायतें दिए जाने का रास्ता साफ हो गया। अब इनसे संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट की आगामी बैठकों में रखे जाएंगे और लेटर आफ कम्फर्ट जारी होगा।

इनके लिए रियायतों का रास्ता साफ

1 बीकानेरवाला को नोएडा प्लांट पर छूट

बीकानेरवाला ने नोएडा में 351 करोड रुपये का प्रोजेक्ट लगाया। अब नेट एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति, पूंजीगत ब्याज उपादान की प्रतिपूर्ति व अवस्थापना ब्याज उपादान व बिजली खरीदने पर विद्युत शुल्क में छूट मिलेगी।

2 सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनी को छूट

एवेरी डैनिसन इंडिया ने मेगा श्रेणी में सेल्फ एडेहिसव व फिल्म का उत्पादन के लिए 400 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया है। इन्हें स्टांप शुल्क में छूट, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, विद्युत शुल्क से छूट मिलेगी।

3 कई अन्य कंपनियों को रियायतों का आदेश मिलेगा

स्पर्श इंडस्ट्रीज कानपुर देहात, मून वेबरेज हापुड़, वृंदावन एग्री इंडस्ट्रीज मथुरा, रिमझिम इस्पात हमीरपुर ने भी परियोजनाएं चालू कर दी हैं। इन सबको रियायतों के लिए लेटर आफ कम्फर्ट जारी होगा।

4 राजश्री केमिकल को एसजीएसटी प्रतिपूर्ति

राजश्री फाइन केमिकल इंडस्ट्रीज इंडिया ने शाहजहांपुर में इथनाल उत्पादन के लिए 340 .90 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति की सुविधा मिलेगी।

5 इनके रियायत संबंधी प्रस्ताव खारिज

आरसीसीएपीएल द्वारा अलीगढ़ व प्रयागराज में सीमेंट परियोजनाओं के लिए पूर्व में लेटर आफ कंफर्ट जारी करने के कैबिनेट के प्रस्ताव को वापस लिया जाएगा। इसी तरह कुछ और कंपनियां के लेटर वापस होंगे।